**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 12.07.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, आज, हिन्दुस्तान, परफेक्ट मिशन, तरुणमित्र न्यूज़, जनसंदेश टाइम्स," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 12.07.2024

### वीडीए ने 20 बीघा की अवैध बाउंड्री तोड़ी

जागरण संवाददाता, वाराणसी: वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर गुरुवार को जमीन की अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्रवाई की गई। नगवां के अवर अभियंता आरके सिंह ने बताया कि रोहनिया, बच्छाव औढ़े में सोमनाथ सोसाइटी 20 बीघा में अवैध प्लाटिंग कर रही थी। बुलडोजर से बाउंड्री को तोड़ने के साथ सोसायटी को चेतावनी दी गई।

### कैंप में भवन स्वामियों की समस्याओं का निस्तारण

जासं, वाराणसी: वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैंप में भवन स्वामियों की समस्या सुनने के साथ निस्तारण किया गया। वीडीए के संयुक्त सचिव परमानंद यादव ने बताया कि कैंप में मानचित्र निस्तारण में नियोजन अनुभाग से 11, सीलिंग अनुभाग द्वारा 16 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए गए।

## अमर उजाला–दि0 12.07.2024

### औढ़े में 20 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अगुवाई में बृहस्पतिवार को अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण और सील की कार्रवाई की गई। नगवां वार्ड के रोहनिया बच्छाव औढ़े में सोमनाथ सोसाइटी के तहत बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए अज्ञात लोगों की ओर से 20 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। जिसे पुलिस बल के सहयोग से बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कराया गया। इसके बाद पूरे प्लॉट को सील किया गया। ब्यूरो

### वीडीए के कैंप में हुई 107 नोटिस की सुनवाई

वाराणसी। वीडीए सभागार में बृहस्पतिवार को नोटिस की सुनवाई और मानचित्र निस्तारण कैंप लगाया गया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अगुवाई में कैंप में 137 लोग आए थे। इसमें 107 नोटिस की सुनवाई की गई। नियोजन अनुभाग से 11, सीलिंग से 6 अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए गए। कैंप में 4 नये शमन मानचित्र के आवेदन मिले। पूर्व में दाखिल 16 मानचित्रों की गणना की गई। उधर, नगर निगम और पुलिस ने मिलकर बृहस्पतिवार को सारनाथ क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाया। पंचक्रोशी चौराहे से पुरानापुल और रसूलगढ़ तिराहे तक दोनों तरफ अवैध कब्जा हटवाया गया। ब्यूरो

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 12.07.2024

### वीडीए कैंप में 107 नोटिस प्रकरणों में की गई सुनवाई

वाराणसी। वीडीए सभागार में बृहस्पतिवार को 'नोटिस सुनवाई एवं मानिचत्र निस्तारण कैम्प' का आयोजन किया गया। कैम्प में मानचित्र निस्तारण के संदर्भ में नियोजन अनुभाग की तरफ से कुल-11, सीलिंग अनुभाग की तरफ से कुल-16 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैम्प में कुल-04 नये शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए। वाराणसी विकास प्राधिकरण में पूर्व में दाखिल किये गये कुल मानचित्रों के सापेक्ष कैम्प 16 मानचित्र की गणना की गयी, जिसमें कुल आरोपित मानिचत्र शुल्क 1,15,29,260 रुपए आरोपित किया गया। कैम्प अवधि के दौरान मानचित्र शुल्क के मद में कुल 13,56,052 रुपए प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया। कैम्प में मानचित्र एवं नोटिस के संबंध में सुनवाई के दौरान कुल-137 लोग आए। कैंप में 107 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गयी। कैम्प में संयुक्त सचिव, परमानंद यादव के नेतृत्व में, 05 जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंतागण, लिपिकगण सहित नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के कार्मिकगण उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 12.07.2024

## 20 बीघा पर चला वीडीए का बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए की प्रवर्तन टीम ने बृहस्पतिवार को नगवां वार्ड थाना-रोहनिया, बच्छाव, औढ़े, सोमनाथ सोसाइटी के अंतर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 20 बीघा अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस बाबत वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने एक बार फिर से आम जनता से अपील की है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये ही प्लॉट खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें, अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## वीडीए उपाध्यक्ष ने की बकाया वसूली की समीक्षा

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को संपत्ति अनुभाग में वाराणसी विकास प्राधिकरण की तरफ से विभिन्न योजनाओं में किराये पर एवं आसान मासिक किश्तों पर आवंटित सम्पत्तियों के बकाया की समीक्षा की गयी। समीक्षा में किराये पर आवंटित सम्पत्तियों में 152 सम्पत्तियों के सापेक्ष रु. 7.67 करोड़ धनराशि बकाया तथा किश्तों पर आवंटित सम्पत्तियों में 217 सम्पत्तियों के सापेक्ष रु. 6.50 करोड़ धनराशि बकाया परिलक्षित होने पर उपाध्यक्ष की तरफ से प्रभारी संपत्ति को उपरोक्त बकाया वसूली के लिए नोडल अधिकारी नामित करते हुए संपत्ति अनुभाग के संबंधित योजना पटल सहायकों को समस्त बकायेदारों को बकाया किराया जल्द प्राधिकरण कोष में जमा कराने के लिए पत्राचार करते हुए निर्धारित समय सीमा में बकाया किराया जमा न करने की स्थिति में आवंटन निरस्त करने का नोटिस चस्पा करते हुये प्रवर्तन की कार्यवाही करने के लिए निर्देश प्रदान किए गए। उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपराह्न 11.00 बजे से 02.00 बजे तक 'विशेष संपत्ति कैम्प' प्राधिकरण कार्यालय में तथा बड़े बकायेदारों वाली योजनाओं में करने तथा बकायेदारों को बकाया जमा करने के लिए क्यूआर कोड व अन्य आसान माध्यमों को उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

आज–दि0 12.07.2024

# १४ करोड़ वसूलनेके लिए जारी होगी नोटिस

## विप्रा उपाध्यक्षने वसूलीको लेकर कर्मचारियोंकी कसी नकेल

किराये और किस्तोंमें आवंटित की गयी सम्पत्तियोंका बकाया वसूलके लिए विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्गने गुरुवारको समीक्षा बैठक की। जिसमें किरायेपर आवंटित कुल १५२ सम्पत्तियोंपर सात करोड़ ६७ लाख बकाया है और किस्तोंपर आवंटित की गयी सम्पत्ति लगभग २१७ हैं। जिनपर ६ करोड़ ५० लाख बकाया चला आ रहा है। उपाध्यक्षने बड़े बकायेको लेकर विभागीय कर्मचारियोंकी चूड़ी कसी और नोडल अधिकारी नियुक्त किया जो कि बकायेदारोंसे नोटिस और पत्र भेज कर भुगतान करनेके लिए कहेगा। बकाया किराया न जमा करनेकी स्थितिमें सभी प्रकारके आवंटन निरस्त किये जायेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि नोटिस चस्पा करते हुए प्रवर्तनकी भी काररवाई की जाय। इसके अलावा उन्होंने शनिवारको अपराह्न ११ से पूर्वाह्न दो बजे तक कैम्प आयोजित किया जायेगा जिसमें कि बड़े बकायेदारोंको वीडीए में किराया जमा करनेके लिए क्यूआर कोड एवं अन्य सुगम माध्यमोंसे परिचित कराया जायेगा। बैठकके दौरान उन्होंने बकायेदारोंके साथ अबतक हुई काररवाईके विषयमें सम्बन्धित अधिकारीसे पूछताछ की। हालांकि उत्तर से वे सन्तुष्ट नहीं दिखे।



आज–दि0 12.07.2024

## शिविरमें १६ मानचित्रोंका हुआ निस्तारण

विकास प्राधिकरण सभागारमें गुरुवारको नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण शिविरका आयोजन किया गया। जिसमें एक करोड़ पन्द्रह लाख उन्तीस हजार दो सौ साठ रुपया शुल्क आरोपित किया गया जिसमें कैम्पमें १६ मानचित्रोंकी गणना की गयी थी। जबकि मानचित्र शुल्क में १३ लाख ५६ हजार ०५२ रुपया शिविरमें जमा किया गया। गुरुवारकी सुनवाईमें नियोजन अनुभाग ११, सीलिंग अनुभाग-१६ अनापत्ति जारी किया गया। इसके अलावा चार नये मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए। इसमें १३७ लोगोंने मानचित्रके विषयमें विभिन्न अभियन्ताओंसे विचार विमर्श किया। इसमें अधिकतर लोगोंका मानचित्रका निस्तारण करनेका प्रयास किया गया। शिविरमें १०७ लोगों की नोटिस सुनवाई की गयी। कैम्पमें संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, पांच जोनोंको जोनल अधिकारी, अवर अभियन्ता, लिपिकगण, नियोजन, सीलिंग एवं विधि विभागके लोग मौजूद थे। स्मरण रहे कि विकास प्राधिकरणमें प्रत्येक गुरुवारको शिविर आयोजित है जिसमें कि भेजी गयीं नोटिस और मानचित्रपर सुनवाईके बाद उसका निस्तारण किया जाता है।

आज–दि0 12.07.2024

## बीस बीघा की प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर गुरुवार को अभियंताओं का दस्ता गेहनिया के बच्छांव औढ़े और सोमनाथ सोसाइटी की ओर धमकी टीम ने लगभग २० बीसा क्षेत्रफल में प्लाटिंग किये जा रहे काररवाई को रोक दी और जमीन के भीतर किये गये निर्माण को ध्वस्त कर दिया। शुरुआत में टीम को थोड़ा विरोध का सामना करना पड़ा लेकिन मौके पर पुलिस बल मौजूद रहने से ध्वस्तीकरण काररवाई में आसानी हुई। काररवाई में जोनल अधिकारी, अवर अभियंता के अलावा विप्रा रक्षक दल, क्षेत्रीय पुलिस के सहयोग से जमीनों से प्लाटिंग में हुये निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त करा दिया गया।

## हिन्दुस्तान–दि0 12.07.2024

### वीडीए ने कुल 27 एनओसी जारी की

**वाराणसी।** वीडीए मुख्यालय में गुरुवार को लगे कैम्प में कुल 27 एनओसी जारी की गई। इनमें नियोजन विभाग से 11 और सीलिंग विभाग से 16 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी हुए। कैम्प में चार शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए। वीडीए कोष में कुल 13,56,052 जमा हुए। इस दौरान संयुक्त सचिव परमानन्द यादव मौजूद रहे।

**हर शनिवार विशेष संपत्ति कैंप लगेगा:** वीडीए मुख्यालय में हर शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक विशेष संपत्ति कैंप लगेगा।

## परफेक्ट मिशन–दि0 12.07.2024

### वीडीए में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का हुआ आयोजन



**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश के क्रम मे गुरुवार को ''नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प'' का आयोजन किया गया। कैम्प में मानचित्र निस्तारण के सन्दर्भ में नियोजन अनुभाग द्वारा कुल-11, सीलिंग अनुभाग द्वारा कुल-16 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैम्प में कुल-04 नये शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए। वाराणसी विकास प्राधिकरण में पूर्व में दाखिल किये गये कुल मानचित्रों के सापेक्ष कैम्प 16 मानचित्र की गणना की गयी , जिसमें कुल आरोपित मानचित्र शुल्क रू0 1,15,29,260 आरोपित किया गया।

कैम्प अवधि के दौरान मानचित्र शुल्क के मद में कुल रू0 13,56,052 प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया। कैम्प में मानचित्र एवं नोटिस के सम्बन्ध में की सुनवाई के दौरान कुल-137 लोग आए द्य कैप में 107 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गयी। कैम्प में संयुक्त सचिव, परमानन्द यादव के नेतृत्व में, 05 जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियन्तागण, लिपिकगण सहित नियोजन, आवाति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के कार्मिकगण उपस्थित रहें। आगामी सप्ताह में प्राधिकरण द्वारा शमन मानचित्रों एवं नोटिसों के निस्तारण प्रभावी रूप से सुनिश्चित् किये जाने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में प्रत्येक बृहस्पतिवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प आयोजित किया जायेगा।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 12.07.2024

# वीडीए वीसी ने की किराये/किश्तों पर आवंटित सम्पत्तियों के बकाया वसूली की समीक्षा

## वीडीए वसूली के लिए उपलब्ध करायेगा साप्ताहिक कैम्प एवं सुलभ भुगतान की सुविधाएं

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने संपत्ति अनुभाग में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न योजनाओं में किराये पर एवं आसान मासिक किश्तों पर आवंटित सम्पत्तियों के बकाया की समीक्षा गुरुवार को संपत्ति अनुभाग के साथ की इस दौरान किराये पर आवंटित सम्पत्तियों में 152 सम्पत्तियों के सापेक्ष 7.67 करोड़ रु धनराशि बकाया तथा किश्तों पर आवंटित सम्पत्तियों में 217 सम्पत्तियों के सापेक्ष 6.50 रु करोड़ धनराशि बकाया परिलक्षित होने पर वीडीए वीसी ने प्रभारी संपत्ति को उपरोक्त बकाया वसूली हेतु नोडल अधिकारी नामित किया। उन्होंने संपत्ति अनुभाग के संबन्धित योजना पटल सहायकों को समस्त बकायेदारों को बकाया किराया शीघ्र प्राधिकरण कोष में जमा कराने हेतु पत्राचार करते हुये निर्धारित समय सीमा में बकाया किराया जमा न करने की स्थिति में आवंटन निरस्त करने का नोटिस चस्पा करते हुये प्रवर्तन की कार्यवाही करने हेतु निर्देश भी दिए। वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपराह्न 11.00 बजे से 02.00 बजे तक विशेष संपत्ति कैम्प प्राधिकरण कार्यालय में तथा बड़े बकायेदारों वाली योजनाओं में आहूत करने तथा बकायेदारों को वीडीए में बकाया जमा करने हेतु QR Code व अन्य सुगम माध्यमों को उपलब्ध कराये जाने के लिए भी निर्देशित किया।



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग अधीनस्थों संग बैठक लेते हुए

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 12.07.2024

# किराया और किश्तों पर आवंटित सम्पतियों पर बकाये की होगी वसूली

**लगेगा कैंप**

**वीडीए ने की वसूली की समीक्षा, हर शनिवार को जमा करने की होगी सुविधा**

वाराणसी। संपत्ति अनुभाग में वीडीए विभिन्न योजनाओं में किराये पर एवं आसान मासिक किश्तों पर आवंटित सम्पत्तियों के बकाया की गुरुवार को संपत्ति अनुभाग के साथ समीक्षा की। जिसमें किराये पर आवंटित सम्पत्तियों में 152 सम्पत्तियों के सापेक्ष रु. 7.67 करोड़ धनराशि बकाया और किश्तों पर आवंटित सम्पत्तियों में 217 सम्पत्तियों के सापेक्ष रु. 6.50 करोड़ धनराशि बकाया होने पर जहां नाराजगी जाहिर की ,वहीं बकाया वसूली हेतु नोडल अधिकारी भी 'नामित किया। वीडीए उपाध्यक्ष ने संपत्ति अनुभाग के संबन्धित योजना पटल सहायकों को समस्त बकायेदारों को बकाया किराया शीघ्र प्राधिकरण कोष में जमा कराने को कहा। उन्होंने इसके लिए पत्राचार कर उन्हे जानकारी देने और निर्धारित समय सीमा में बकाया किराया जमा न करने पर आवंटन निरस्त करने का नोटिस चस्पा कर प्रवर्तन की सख्त कारवाई किये जाने का निर्देश दिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने प्रत्येक शनिवार को अपराह्न 11.00 बजे से 02.00 बजे तक 'विशेष संपत्ति कैम्प' प्राधिकरण कार्यालय में लगाने और बड़े बकायेदारों को वीडीए में बकाया जमा करने हेतु ओ .आर. कोड़ और अन्य सुगम माध्यमों को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया।



## जनसंदेश टाइम्स–दि0 12.07.2024

# वीडीए ने ध्वस्त कराया अवैध निर्माण



वाराणससी। वीडीए अवैध निर्माण को लेकर इन दिनो काफी सख्त है। अभियान चलाकर जहां जांच कर रही है ,वहीं अवैध निर्माण की ध्वस्तीकरण की कारवाई भी कर रही है। इसको लेकर टीम लावलश्कर के साथ बूलडोजर लेकर गुरूवार को रोहनिया पहुंचा। जहां भारी पुलिस फोर्स के साथ बूलडोजर ने जब दहाड़ मारी तो अभरातफरी मच गयी। इस दौरान आस पास के लोगो में हड़कंप मच गया। वीडीए की टीम नगवॉं के , बच्छाव, औढ़े, सोमनाथ सोसाइटी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये हो रहे निर्माण को देखा।वहां अज्ञात लोगो द्वारा लगभग 20 बीघा छेत्रफल पर अवैध प्लाटिंग विकसित किये जाने पर रोक लगा दी। इस दौरान वहां किये गये अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए ध्वस्तीकरण की सख्त कारवाई भी की।